## अस्थायी अतिक्रमण हटाने से लेकर ई रिक्शा का रूट सिस्टम तय नहीं कर पा रहे जिम्मेदार

# अतिक्रमण की चपेट में मुख्य मार्ग, मनमाने ढंग से दौड़ रहे ई रिक्शा, जाम से लोग त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





शहर में यातायात व्यवस्था सालों से बेपटरी चली आ रही है। अस्थायी अतिक्रमण एवं सवारी वाहनों के रूट सिस्टम पर अमल नहीं होने की वजह से यातायात चलने की बजाए घिसटता नजर आ रहा है। बाजार खुलने के बाद समस्या और अधिक बढ़ जाती है। मुख्य मार्गो से लेकर व्यस्ततम बाजार मार्ग हो चाहे एप्रोच मार्ग हर जगह जाम की समस्या से दो चार होना पड़ रहा है।

शहर के अति व्यस्ततम मार्गों एवं बाजार क्षेत्र में अस्थायी अतिक्रमण के चलते न सिर्फ आवागमन प्रभावित हो रहा है बल्कि जाम की समस्या से भी वाहन चालक व आम राहगीर परेशान हो रहे हैं। दुकानदारों को सामान हटाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर हिदायत भी दी जाती है लेकिन इसका कोई खास असर नहीं होता। न ही कहीं फुटपाथ खाली हुआ है और न ही कहीं सड़क पर रखी दुकान सामग्री को हटाने के लिए कोई तैयार है।

जाम की समस्या को कम करने के लिए सवारी तिपहिया वाहनों के लिए रूट निर्धारित किए गए हैं जिनके अनुसार रूट क्रमांक-1 पर हरे रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। स्टेशन से सराय मोहल्ला के रास्ते ई रिक्शा ये रेलवे स्टेशन से सराय मोहल्ला, गणेश चौक, सिविल लाइन, मुड़वारा स्टेशन, मिशन चौक से माधवनगर गेट होते हुए पीरबाबा तक जाएंगे। इसी प्रकार रूट क्रमांक-2 पर लाल रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन से सराय मोहल्ला, गणेश चौक, कचहरी चौक, कोतवाली तिराहा, मिशन चौक, आजाद चौक, कैलवारा मोड़ से होते हुए इंदिरा ज्योति कालोनी तक जाएंगे। इसी तरह रूट क्रमांक-3 पर आसमानी रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन से बरही रोड, गर्ग चौराहा, आदर्श कालोनी, चड्डा कॉलेज से होते हुए प्लेटफार्म क्रमांक 5 तक जाएंगे।

रूट क्रमांक-4 पर नारंगी रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 5 से गायत्री नगर, बाबा घाट, कटनी साउथ, डीजल लोको शेड से होते हुए एनकेजे बजरिया तक जाएंगे। रूट क्रमांक-5 पर सफेद रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये प्लेटफार्म क्रमांक 5 से जुहला-जुहली की ओर चलेंगे।

रूट क्रमांक-6 पर पीले रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये कटनी साउथ से मिशन चौक, मुड़वारा स्टेशन, सिविल लाइन, व्हीआईपी रोड, रेलवे स्टेशन, आयुध निर्माणी, एससी होते हुए माधवनगर तक जाएंगे। अगर ई-रिक्शा निर्धारित - मार्ग से बाहर गया तो चालान होगा। इसके साथ ही निर्धारित रूट पर स्टापेज भी तय किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### आज द्वारका तीर्थ यात्रा पर रवाना होगी भारत गौरव ट्रेन

**कटनी**। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत कटनी जिले से 5 अक्टूबर रविवार को 279 तीर्थ यात्री श्री द्वारका जी की तीर्थयात्रा पर जायेंगे। इसके लिए रात्रि 8 बजे मुड़वारा रेलवे स्टेशन से तीर्थ दर्शन योजना की भारत गौरव विशेष ट्रेन रवाना होगी। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर ट्रेन में यात्रियों की सुविधा के लिए पर्यवेक्षक और अनुरक्षक और चिकित्सकों और पैरा मेडिकल स्टाफ की नियुक्ति कर दी गई है। तीर्थ यात्रा योजना के प्रभारी एवं संयुक्त कलेक्टर श्री जितेन्द्र पटेल ने बताया कि नायब तहसीलदार बरही प्रसन्न वर्मा को पर्यवेक्षक बनाया गया है जबकि सुनीत सिंह, महावीर तोमर,कमल नायकर,आर पी मार्को और दिनेश विश्वकर्मा को अनुरक्षक नियुक्त किया गया है। ये सभी तीर्थ यात्रियों की सुविधाओं का ध्यान रखेंगे। तीर्थ यात्रियों को आपात स्थिति में चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉ रविशंकर सोनी और नर्सिंग आफीसर सुश्री नीतू वर्मा भी यात्रियों के साथ जायेंगे। तीर्थ यात्रियों के साथ सुरक्षा कर्मी के तौर पर एएसआई बुधना सिंह एस ए एफ और प्रधान आरक्षक योगेन्द्र सिंह, रामकुमार यादव, रविन्द्र सिंह और कोक सिंह भी जायेंगे।

### दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना के लिए आवेदन मासांत तक

**कटनी**। दिव्यांग विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिये मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। इसमें मध्यप्रदेश के मूलनिवासी दिव्यांगजन, जिनमें अस्थिबाधित द्वारा गत परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक तथा अन्य श्रेणी में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है उनसे वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये है। विद्यार्थी अपना आवेदन 31 अक्टूबर तक स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन जमा कर सकते है। आवेदन पत्रों की जांच 15 नवम्बर तक होगी और अंतिम सूची का प्रकाशन 30 नवम्बर तक किया जाएगा। स्वीकृत आवेदन पत्रों में पात्रतानुसार छात्रों को लैपटॉप अथवा मोट्रेट ट्राइसाइकल, विश्व दिव्यांग दिवस 3 दिसम्बर 2025 को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वितरित की जायेगी। स्पर्श पोर्टल ओपन कर दिया गया है। जिले से अधिक से अधिक पात्र दिव्यांग छात्र-छात्राओं को योजना हेतु आवेदन करने के लिये प्रोत्साहित करें एवं अधिकारी आवेदनों का परीक्षण कर नियमानुसार निराकरण करना सुनिश्चित करें।

### जिले में अब तक 1158.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज



**कटनी**। जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शनिवार 4 अक्टूबर तक कुल 1158.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1479.1 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 1072.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 8 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 1212.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 1479.1 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 1040 मिलीमीटर, बरही तहसील में 1037 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 980.3 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 1048.5 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 1356.8 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 1107.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### युवाओं के लिए निःशुल्क मशीन लर्निंग और पाइथन प्रोग्रामिंग प्रशिक्षण

**कटनी**। जिले के युवाओं को आधुनिक तकनीक सिखाकर रोजगार हेतु तैयार करने हेतु सेडमैप एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, कटनी द्वारा मशीन लर्निंग और पाइथन प्रोग्रामिंग लैंग्वेज का छह सप्ताह का निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के लिए कुल 25 सीटें निर्धारित की गई हैं। इसमें से 40 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के आवेदकों के लिए आरक्षित हैं। यदि आरक्षित वर्ग के आवेदक समय पर संपर्क नहीं करते हैं, तो उनके स्थान पर अन्य आवेदकों को अवसर दिया जाएगा। प्रशिक्षण हेतु इच्छुक छात्र 12 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। जबकि 13 अक्टूबर को सुबह 11 बजे साक्षात्कार होगा। वहीं 14 अक्टूबर से प्रशिक्षण प्रारंभ हो जायेगा। प्रशिक्षण के लिए चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। आवेदन हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक है। इच्छुक आवेदक 10वीं की अंकसूची, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र (आरक्षित वर्ग के लिए) एवं दो पासपोर्ट साइज़ फोटो सहित आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु इच्छुक उम्मीदवार कार्यालय में उपस्थित होकर जिला समन्वयक से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

*प्रतिबंधित होने के बाद भी जिम्मेदारों को कार्यवाही करने नहीं है फुर्सत*

## जागरूकता कार्यक्रमों तक ही कवायद, अमानक पालीथिन की खुलेआम बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बाद भी शहर में लगातार सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग हो रहा है। अमानक पालीथिन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों का उपयोग नहीं करने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों तक ही कवायद सिमटी नजर आ रही है।

गौरतलब है कि उपयोग के लिये सुगम लेकिन फेंकने के बाद खतरनाक अमानक पालीथिन के उपयोग पर पूरी तरह से पाबंदी है। एक बार फिर बाजार में सेहत के लिये खतरा बनी पालीथिन का उपयोग बेरोकटोक हो गया है। ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से बचाव, पर्यावरण संरक्षण और ग्रीन सिटी क्लीन सिटी के उद्देश्य को शहर-शहर तक पहुंचाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध का आदेश जारी कर दिया गया है। शहर सहित ग्रामीण अंचलों में बेरोकटोक अमानक पालीथिन का उपयोग किया जा रहा है। लोग सब्जी, राशन सहित अन्य सामग्री के लिए बाजारों में सिंगल यूज प्लास्टिक के साथ खरीदारी और बिक्री करते देखे गए। इसके हानिकारक प्रभाव और दूरगामी दुष्प्रभाव से बेपरवाह लोग जागरूकता के अभाव में इस पर ध्यान नहीं दे रहे, इसलिए बाजारों में अभी सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध के बावजूद उपयोग में लाया जा रहा है, जो भविष्य में पर्यावरण संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग तथा स्वच्छता जैसी समस्याओं को जड़ से मिटाने के प्रयास में सबसे बड़ी बाधा सिद्ध हो सकता है। धरती को क्लीन और हरा-भरा बनाए रखने के लिए लोगों को यह छोटा सा निजी जिम्मेवारी निभाना आवश्यक है। सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध के बावजूद इसका उपयोग करने पर व्यक्ति दंड का भागी बन सकता है। स्थानीय प्रशासन द्वारा टीम गठित कर इसे जन जागरूकता अभियान के द्वारा प्रतिबंध को लागू करने तथा इस्तेमाल कर रहे लोगों को पूर्ण रोक लगाने के लिए सरकार द्वारा निर्धारित आर्थिक दंड को लागू करने का निर्देश दिया गया है।

पालीथिन जितना पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य की दृष्टि से हानिकारक हैं, मवेशियों के लिये पॉलीथिन जहर की तरह होती है। खाने पीने की बची हुई सामग्री पालीथिन में भरकर फेक देने से मवेशी उसे खा लेते हैं । मिटटी में जाकर जहां यह पौधो की वृद्वि में बाधा बन जाती है। जानकारों के अनुसार पालीथिन एक पेट्रो केमिकल उत्पाद है। जिसमें टाक्सिक एलीमेंट का प्रयोग किया जाता है। जिसमें टाक्सिक एलीमेंट का प्रयोग किया जाता है जो कि सभी के लिये हानिकारक माना जाता है। जानकारो के मुताबिक प्लाटिक के थैलों के निर्माण में कैडमियम व जस्ता जैसी विषैली धातुओं का उपयोग होता है। यह धातु खतरनाक मानी जाती है जो जानवरों के पेट में जाकर उनकी मेटाबालिज्म प्रक्रिया को प्रभावित कर देती है।

## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान की दी विस्तृत जानकारी



पशुपालन को लाभ का व्यवसाय बनाने हेतु ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत देवरा खुर्द और ग्राम पंचायत मुडेहरा में 'दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान' के तहत ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। उपसंचालक डॉ. आर.के. सोनी ने अभियान के अंतर्गत ग्राम सभाओं में उपस्थित ग्रामीणों से भेंट की। 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक चलने वाले इस 'दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान' के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान, विभागीय अधिकारी और मैत्री गांव में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेंगे। उन्होंने कहा कि पशुपालन में वैज्ञानिक और उन्नत तरीकों को अपनाकर किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं और इसे एक सफल उद्यम बना सकते हैं। डॉ. सोनी ने ग्रामीणों को बताया कि इन कार्यक्रमों के मुख्य लक्ष्य पशुधन प्रबंधन, पोषण और स्वास्थ्य के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान करना है, ताकि दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हो सके और पशुपालकों की समृद्धि सुनिश्चित की जा सके।

## जिले में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत 12 अक्टूबर से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में 12 अक्टूबर से शुरू होने वाले तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अपने शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी बूथ मे ले जाकर पोलियो की दवा अवश्य पिलवायें।

### 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जाएगी दवाई

कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। पल्स पोलियों के अतिरिक्त चरण के अंतर्गत रविवार 12 अक्टूबर को जिले मे स्थापित सभी पोलियों बूथों पर जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाए। अगर कोई बच्चा इस तिथि को दवा पीने से वंचित रहता है तो 13 एवं 14 अक्टूबर को घर-घर जाकर दवा पिलाने की व्यवस्था करें । कलेक्टर श्री तिवारी ने सोमवार को आयोजित बैठक में निर्देशित किया है कि अभियान के अंतर्गत कोई भी बच्चा दवा पिलाने से वंचित नहीं रहे इस दिशा मे सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की हिदायत दी है।

### 13 एवं 14 अक्टूबर को घर-घर जाकर पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

### 1 लाख 73 हजार बच्चों को पिलाई जायेगी दवा

उल्लेखनीय है कि जिले में पल्स पोलियो अभियान के अतिरिक्त चरण के तहत 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक कुल 1670 बूथों में अभियान का आयोजन किया जायेगा। बूथ बी टाईप के 1386 , सी टाइप के 182 तथा 27 मोबाइल टीमों के 75 ट्रांजिट बूथों में जीरो से 5 वर्ष तक के 1 लाख 73 हजार 418 बच्चों को पल्स पोलियो वैक्सीनेशन की खुराक पिलाई जायेगी। इस कार्य हेतु 3 हजार 354 कर्मचारी तथा 162 सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाई गई है। अभियान के दौरान 43 फोर व्हीलर वाहन एवं 242 टू व्हीलर वाहन संलग्न होंगे।

*छिंदवाड़ा जिले में बच्चों की मौत के बाद जारी किये गए निर्देश*

## कोल्ड्रिफ कफ सीरप पूर्णतः प्रतिबंधित, छापामारी कर जब्ती कार्यवाही के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

छिंदवाड़ा जिले में कोलड्रिफ कफ सिरप के कारण बच्चों की हुई दुखद मृत्यु के बाद कटनी जिले में कोलड्रिफ कफ सिरप के क्रय, विक्रय, संधारण और वितरण को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले में अभियान के तौर पर छापामारी कर कोलड्रिफ सिरप को जप्त करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

### दवा उपलब्ध है तो विक्रेता तत्काल से जानकारी

कलेक्टर श्री तिवारी ने उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन सहित औषधि निरीक्षक को निर्देशित किया है कि कोलड्रिफ कफ दवा का विक्रय एवं वितरण तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए। औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 और नियमों में प्रावधान के अनुसार कार्रवाई की जाये।संबंधित औषधि के नमूने संकलित कर परीक्षण हेतु शासकीय औषधि प्रयोगशालाओं को भेजे जाएं। कोलड्रिफ सिरप के अन्य बैचेस भी यदि उपलब्ध हों तो उन्हें भी सील कर नमूने परीक्षण हेतु भेजे जाएं। जनहित को देखते हुए यदि किसी दवा विक्रेता के पास पूर्व से ही ये दवायें संधारित हो तो उन्हें इसकी सूचना तुरंत कार्यालय उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन कटनी को देने कहा गया है।।साथ ही कटनी में इस दवा की आवाजाही पर सख्त निगरानी के निर्देश हैं।

### एडवाइजरी की गई जारी

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के नियंत्रक दिनेश कुमार मौर्य ने समस्त औषधि निर्माताओं, औषधि निरीक्षकों, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा मेडिकल कॉलेजों के डीन को 1 अक्टूबर 2025 को क्लोर फ़ेनिरामाइन मेलिएट एवं फ़ेनाइलफ्रिन एचसीएल के उपयोग के संबंध में एडवाइजरी जारी की गई है। जिसमें क्लोरफेनिरामीन मेलिएट IP 2mg + फिनाईलफ्रिन HCL IP 5mg ड्रॉप/मि.ली. के संयोजन (एफ.डी.सी.) का निर्माण करने वाली सभी कम्पनियों को अपने औषधि के लेबल, पैकेज इंसर्ट एवं प्रचार साहित्य पर यह चेतावनी स्पष्ट उल्लेखित होनी चाहिए की -"यह एफ.डी.सी. 4 वर्ष से कम आयु के बच्चों में उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। कलेक्टर श्री तिवारी ने सीएमएचओ डा राज सिंह ठाकुर को निर्देशित किया है कि वे सभी पंजीकृत चिकित्सकों को भी शासन की इस एडवाइजरी के माध्यम से जारी निर्देश में उक्त औषधीय संयोजन का प्रयोग करते समय उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करवायें। इसका उल्लंघन पाये जाने पर संबंधितों के विरुद्ध औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जायेगी।

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

## अंडरग्राउंड नाली निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता से कराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वीकृत, प्रगतिरत निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ समय- सीमा में पूर्ण कराते हुए अभियान चलाकर सीसी जारी कराएं। विशेष रूप से विगत वर्षों के एक- एक अपूर्ण कार्यों की निगरानी करते हुए पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें ताकि आमजन को उसका लाभ शीघ्र मिल सके। इस आशय के निर्देश कलेक्टर आशीष तिवारी ने शनिवार को, कलेक्ट्रेट स्थित सभा कक्ष आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। इस दौरान जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने पीपीटी के माध्यम से विभागीय योजनाओं की जानकारी, प्रगति एवं गतिविधियों से कलेक्टर श्री तिवारी को विस्तार पूर्वक अवगत कराया।

स्वीकृत निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुए कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और तकनीकी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आदि कर्म योगी अभियान की कार्य योजना में नाली निर्माण कार्यों को सम्मिलित करें । जिले के प्रत्येक ग्राम में नाली निर्माण स्थलों को चिन्हित करते हुए, जहां नाली निर्माण होना शेष है वहां अंडरग्राउंड नाली निर्माण को कार्य योजना में शामिल करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से कराएं। उन्होंने कहा कि जहां नाली निर्माण हो चुका है लेकिन बीच में काम होना शेष है तो गैप फिलिंग आवश्यक रूप से कराया जाना सुनिश्चित करें। दूषित पानी का निस्तारीकरण बेहतर ढंग से हो ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों पर गंदा पानी बहने से गंदगी न हो। कलेक्टर ने जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर को योजनाओं की प्रगति का रिव्यू करने को कहा।

कलेक्टर श्री तिवारी ने पीएम जनमन योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की पूर्णता की ग्रामवार विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक श्री विमल चौरसिया से आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत पोर्टल पर दर्ज प्रगति की जानकारी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ठोस कार्य योजना तैयार कर जनहितैषी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता से कराया जाए। कलेक्टर श्री तिवारी ने आदि कर्मयोगी अभियान की कार्य योजना में अंडरग्राउंड नाली निर्माण कार्यों को सम्मिलित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सभी जनपद पंचायतों के सीईओ स्थल निरीक्षण कर कार्यों का सत्यापन करें।

कलेक्टर श्री तिवारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत स्वीकृत एवं पूर्ण आवासों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आवास पूर्णता हेतु एक बेहतर प्लान बनाकर आवास पूर्णता में प्रगति लाई जाए। इस दौरान उन्होंने ईकेवाईसी की प्रगति की जानकारी भी ली। मनरेगा अंतर्गत लेबर बजट, अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कराने हेतु राशि भुगतान के समय विशेष रूप से जनपद पंचायतों के माध्यम से आवश्यक जानकारी संकलित कर निर्माण कार्यों को पूर्ण कराया जाए। कलेक्टर ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत की जा रही गतिविधियों के संबंध में जानकारी लेकर समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यकता के अनुसार उपयोगी कार्यों को कराया जाए। जनमानस को इसका अधिक से अधिक लाभ मिले ऐसा ध्यान रखें। 15वें वित्त के अंतर्गत प्राप्त राशि एवं व्यय के संबंध में समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि अपूर्ण कार्यों को प्रॉपर रूप से मॉनिटरिंग करते हुए पूर्ण कराने के साथ कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र जारी कराया जाना सुनिश्चित करें।




## गांधी और शास्त्रीजी की जयंती पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

दशरमन ग्राम पंचायत में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी जयंती में उनके छाया चित्र में तिलक वंदन कर उनके आदर्श सिद्धांतों को याद किया गया । साथ ही पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन हुआ जिसमें ग्राम के लोगों ने अपनी समस्या को बताया। सरपंच श्रीमति सीमा भरत शुक्ला ने स्थानीय समस्या का निराकरण तुरंत कर दिया ।

इस दौरान सचिव विजय दुबे ,जनपद सदस्य गणेश दत्त गौतम, पंच महेंद्र शुक्ला , विक्की शुक्ला, शुभम गौतम,रेखा सेन, अरविंद सोनी, सुरेश चक्रवती, नोने राजभर,राजू गौतम अन्य सभी नागरिक उपस्थित रहे ।

## खबर संक्षेप



### अंतर्राष्ट्रीय सीनियर योग और प्राणायाम मे भाग लेंगे राजेश सोनी

**बरही**। नगर निवासी राजेश सोनी एवं अनूप गुप्ता ने सीनियर कम्पटीशन मे कठिन आसनों की श्रृंखला मे योग प्राणायाम प्रतियोगिता में जिला स्तरीय चयन होकर स्थान प्राप्त किया था। योग और प्राणायाम की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता भोपाल में संपन्न हुई एवं दोनो ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजेश सोनी एवं अनूप गुप्ता को योग प्राणायाम के कठिन आसनों के लिये राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु बुलावा आया और अनूप गुप्ता एवं राजेश सोनी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता हेतु विजयवाडा कर्नाटक पहुंचकर भारत मे राजेश सोनी ने द्वितीय स्थान अर्जित कर सिल्वर ट्राफी हासिल की। मध्यप्रदेश के कटनी जिला एवं बरही नगर का नाम रौशन कर गौरवान्वित किया है। राजेश सोनी सीनियर योग कम्प्टीशन प्रतियोगिता मे द्वितीय स्थान प्राप्त कर अंतर्राष्ट्रीय सीनियर योग और प्राणायाम मे भाग लेंगे जिसका सम्पूर्ण खर्च भारत सरकार द्वारा दिया जाकर विदेश यात्रा कराई जायेगी।

### स्वच्छता से समझौता कभी नहीं करना चाहिए

**कटनी**। शासकीय महाविद्यालय बरही में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह द्वारा स्वच्छता संबंधी जानकारी देकर विद्यार्थियों को अपने-अपने घरों के आस-पास सफाई रखने के साथ सिंगल यूज पॉलिथीन का प्रयोग न कर कपड़े से बने थैलों के प्रयोग के लिए प्रेरित किया। साथ ही बताया कि स्वच्छता का मतलब सिर्फ़ अपने आस-पास सफाई रखना ही नहीं है, बल्कि इसमें स्वभाव या व्यक्तिगत स्वच्छता तथा संस्कार या मानसिक स्वच्छता भी शामिल होती है। हमें स्वच्छता और सफाई से समझौता कभी नहीं करना चाहिए, क्योंकि ऐसा करके हम अपने स्वास्थ्य के साथ भी समझौता करते विद्यार्थियो को कागज के टुकड़ों, खाद्य सामग्री के पाउच एवं विभिन्न प्रकार के अन्य अपशिष्ट पदार्थों के निपटान के लिए महाविद्यालय परिसर में रखे डस्टबीनो का प्रयोग करना चाहिए।

### अजमीढ़ देव जयंती पर कार्यक्रम 7 को

**कटनी**। वेलफेयर स्वाजातीय स्वर्णकार समाज सेवा इकाई जिला कटनी के द्वारा भगवान अजमीढ़ देव महाराज की जयंती पर्व मनाया जा रहा है। समाजसेवी सोमनाथ सोनी ने देते हुये बताया कि 7 अक्टूबर को नदीपार स्थित सत्यज्योत मैरिज गार्डन में जयंती समारोह के अंतर्गत समाज के 70 वर्ष से अधिक उम्र के महिला पुरूषों का सम्मान किया जायेगा साथ ही 10 वीं 12 वीं परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक वाले विद्यार्थियों का सम्मान होगा। इसके बाद सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम होगें इस जयंती के पहले 6 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे रेलवे स्टेशन प्रांगण से एक विशाल वाहन रैली निकलेगी जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुये जगन्नाथ चौक में समाप्त होगी।

### गांधी जयंती पर आयोजन



**कटनी**। महात्मा गाँधी के जन्म दिवस के अवसर पर कांग्रेसजनों द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं सेवा कार्य किये गए। जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किये। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उतराधिकारी संगठन के कार्यालय मे जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्धय ने सौरभ सिंह, अमित शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष प्रियदर्शन गौर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजा जगवानी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा ने राकेश जैन कक्का का सम्मान किया। राकेश कक्का के दादा स्व सेठ हुकुमचंद जैन, नाना स्व सेठ भोजराज जैन और ताऊ स्व जयकुमार जैन स्वतंत्रता सग्राम सेनानी थे।

---

नगरीय निकायों के विकास कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा कर कलेक्टर ने दिए निर्देश

# निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने लक्ष्य किया निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने नगर निगम कटनी के अंतर्गत अमृत 1.0 योजना के तहत सीवरेज एंड सेप्टेज प्रोजेक्ट अंतर्गत अमृत 2.0 योजना अंतर्गत वाटर बॉडी रिजुविनेशन , प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 स्वच्छ भारत अभियान सहित नगरीय निकायों के माध्यम से संचालित होनें वाली शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा कर विकास योजनाओं के परिणामोन्मुखी क्रियान्वयन के निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर निगम के कार्यों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि अमृत योजनांतर्गत सीवर लाइन बिछाने के कार्य एवं एसटीपी निर्माण कार्य में तेजी लायें। जिस पर संबंधित अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि एसटीपी- 1 माधवनगर का कार्य अगले माह नवंबर अंत तक पूर्ण किये जाने एवं ट्रायल रन का लक्ष्य निर्धारित किया गया । जबकि एसटीपी- 2 कटायेघाट और एसटीपी 3 कुठला का कार्य शीघ्र पूर्ण कराते हुए योजना को मार्च 2026 तक पूर्ण कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

बैठक में बताया गया कि अमृत 2.0 योजनान्तर्गत कटनी नदी पर मोहन घाट में नदी के दोनों ओर 150-150 मीटर लम्बाई में एवं मसुरहा घाट में नदी के दोनों ओर 180-180 मीटर लम्बाई में वाटर बॉडी रेजुवनेशन का कार्य कुल 1.83 करोड़ रूपए की लागत से कराया जा रहा है ,जो कि लगभग 93 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है । कलेक्टर श्री तिवारी को बताया गया कि अमृत 2.0 के अन्तर्गत वाटर सप्लाई व सीवर प्रोजेक्ट हेतु संविदाकार द्वारा सर्वे, ड्राइंग डिजाइन का कार्य किया रहा है। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने इसे शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर द्वारा वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट हेतु रॉ वाटर की उपलब्धता के संबंध में जानकारी चाही गयी जिस पर संबंधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि कटनी शहर की पेयजल आपूर्ति हेतु एनव्हीडीए के माध्यम से बरगी व्यपवर्तन योजनान्तर्गत बरगी दायीं तट नहर से 0.666 क्यूमेक पानी कटनी नदी बैराज में छोड़ा जाना प्रावधानित है, जो कि निर्माणाधीन स्लीमनाबाद टनल के पूर्ण होने उपरांत प्राप्त हो सकेगा। कलेक्टर श्री तिवारी ने इन सभी प्रगतिरत कार्यों में गति लाकर शीघ्र पूर्ण कराने तथा घरों को सीवर लाइन से जोड़ने एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट



का शीघ्र संचालन संधारण संविदाकार से प्रारंभ कराए जाने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देशित किया कि नगर में चल रहे सीवर लाईन विस्तार कार्य में मैन पावर और मशीनों की संख्या बढ़ाकर सुरक्षा मापदंडों का विशेष ध्यान रखकर शीघ्र ही कार्य पूर्ण कराने ही हिदायत अधिकारियों को दी।

#### वाटर बॉडी रिज्युविशेन

बैठक के दौरान अमृत 2.0 प्राजेक्ट के अंतर्गत मसुरहा घाट में वाटर बॉडी रिज्युविनेशन कार्य के अंतर्गत 1.08 करोड़ की लागत से कराए जानें बैंक डेवलपमेंट और स्टोन पिचिंग, गहरीकरण , ग्रीन एरिया विकास, पाथवे तथा सौंदर्यीकरण का कार्य की प्रगति की समीक्षा विस्तार से की जाकर कलेक्टर श्री तिवारी ने शेष कार्य आगामी दो माह में पूर्ण कर लिए जानें के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री आवास योजना ए.एच.पी घटक और बी एल सी घटक की समीक्षा के दौरान बताया गया कि फेस 1 झिंझरी में 117.47 करोड़ की लागत से 792 ई डब्ल्यू एस , 384 एलआईजी तथा 336 एमआईजी अपूर्ण भवनों को यथा स्थिति विक्रय करने हेतु निविदाएं आमंत्रित की जा चुकीं है । बताया गया कि योजना के द्वितीय चरण के तहत प्रेमनगर 205.53 करोड़ की लागत से 1744 ईडब्ल्यूएस तथा 1056 एल आई जी भवनों के निर्माण एवं उनके अधोसंरचना विकास का कार्य 95 फीसदी पूर्ण कर लिया गया है तथा बाहरी विद्युतीकरण कार्य हेतु निविदाएं प्राप्त हो चुकी है। जिस पर कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा हितग्राहियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विद्युतीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना ने बताया कि 480 एलआईजी भवनों के संबंध में यथास्थिति विक्रय की कार्यवाही हेतु आरपीएफ तैयार किया जाकर शीघ्र ही सक्षम अधिकारी से स्वीकृति प्राप्त करते हुए निविदा की कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के बी एल सी घटक के तहत स्वीकृत कुल 6118 आवासों में 5779 आवास पूर्ण तथा 339 आवास प्रगतिरत है। जिनका शत प्रतिशत कार्य आगामी दो माह में पूर्ण कर लिया जायेगा। इस दौरान कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना झिंझरी साइड के क्रियान्वयन में आ रही रुकावटों से अवगत होते हुए समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना को दिए। इस दौरान प्रधान मंत्री आवास योजना 2.0 के तहत आयोजित शिविरों में प्राप्त एवं सत्यापित आवेदनों की समीक्षा कर लंबित आवेदनों को पोर्टल में दर्ज करते हुए पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करने के निर्देश कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर द्वारा बैठक के दौरान स्वच्छ सेवा अभियान की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वर्ष 2024 में सर्वेक्षण अभियान में नगर निगम कटनी को राष्ट्रीय स्तर पर 8 वा तथा प्रदेश स्तर पर 9वीं रैंक के साथ ही ओ डी एफ प्लस प्लस एवं थ्री स्टार सर्टिफिकेट का खिताब हासिल करने में सफलता मिली है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की प्रतियोगिता में वाटर प्लस एवं फाइव स्टार रैंकिंग हासिल करने तथा राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के प्रयास किया जा रहे है। बैठक के दौरान

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में निगम द्वारा आयोजित की गईं विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों एवं नगर की सफाई व्यवस्था की समीक्षा की जाकर कलेक्टर ने नगर की सफाई व्यवस्था में और अधिक सुधार लाने की दिशा में कारगर प्रयास करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नगर निगम के माध्यम से संचालित हो रही प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना के तहत ऋण प्राप्त करने हेतु लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने लंबित एवं प्राप्त नवीन प्रकरणों पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए ऋण स्वीकृति हेतु बैंक की ओर प्रेषित करने तथा उनके निराकरण में आ रही समस्याओं की जानकारी से डी एल सी सी की बैठक में अवगत कराने के निर्देश दिए।

---

*रावण के पुतले का हुआ दहन, दुर्गा प्रतिमाओं को प्रशस्ति पत्र से सम्मान*

## बरही का दशहरा में बारिश के बीच दशहरा उत्सव देखने दर्शको में दिखा भारी उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

बरही नगर मे दशहरा उत्सव समिति द्वारा बरही नगर की पवित्र भूमि विजयनाथ धाम मेला प्रांगण में प्रथम वर्ष के दशहरा महोत्सव को भव्य स्वरूप देकर कलाकारों की मंचीय प्रस्तुति के साथ दशानन रावण के समक्ष रामलीला का दिव्य मंचन एवं शानदार कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, विभिन्न कलाकारों की मोहक प्रस्तुति ने दर्शको का भारी बारिश में भी मन मोह लिया बारिश में भीगने के बावजूद भी हजारों की संख्या में दर्शकों ने पूरे जोश और श्रद्धा के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया और रावण दहन के इस पर्व को सफलता की बुलंदियों तक पहुंचाया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक की उपस्थिति रही।



विधायक संजय सत्येंद्र पाठक का दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष अशोक वर्मा द्वारा स्वागत किया गया। विधायक पाठक द्वारा श्रीरामचंद्र पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई मंच पर सभी कलाकारों का स्वागत उपरांत साथ में बरही नगर की दुर्गा प्रतिमाओं में प्रतिष्पर्धा पुरस्कार के रूप में भोले भक्त टीम अशोक वर्मा एवं समस्त साथियों द्वारा विधायक के कर कमलो से प्रथम द्वितीय एवं तृतीय दुर्गा प्रतिमाओं को प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कृत किया गया पुरस्कार की श्रंखला मे बरही के मूर्तिकार पुरूषोत्तम दास रैदास लाला मूर्तिकार का भी स्वागत किया गया सूक्ष्म प्रस्तुति उपरांत रावण दहन का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया जिसमें राम रावण का युद्ध के बाद रावण का दहन हुआ।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री सतीश तिवारी नगर परिषद अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, समस्त पार्षद अशोक वर्मा जगदीश गुप्ता पीडी ताम्रकार रामकृष्ण पटेल बहादुर श्रीवास्तव संतोष द्विवेदी मोहन सिंह गोंड झल्ला बर्मन सरमन सोनी सुरेश सोनी पंडा राजेन्द्रसोनी बग्घा इकबाल पवार बहादुर श्रीवास्तव नन्दू गुप्ता सुनील जायसवाल छंगा भाइजान अमरजीत ताम्रकार रजनीश नामदेव महिला मोर्चा ज्योति उपाध्याय सरला पाडें सहित सभी महिलायें शामिल हुई नगर परिषद के समस्त अधिकारी कर्मचारी पुलिस प्रशासन एवं नगरवासियों का सहयोग प्राप्त हुआ।

---

## मातरानी के दरबार में भंडारे का हुआ आयोजन



बरही रोड स्थित मां दुर्गा मंदिर में नवरात्र पर्व के दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नवरात्र पर्व में मंदिर में सुबह व शाम आरती का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थित रही। नवरात्र पर्व की महानवमीं के अवसर पर कन्याभोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारा प्रसाद प्राप्त करने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद प्राप्त किया। इस दौरान मुख्य रूप से संरक्षक राजू अग्रवाल, धनेश पंजवानी, विपिन ओबेराय, अमृतलाल हसानी, सतीश आहूजा, पिंकी मंगलानी, गौरव केसवानी, हरी, अनिल पमनानी, हिमांशु गुप्ता, सोनू जुसेजा, बबला ठाकुर, शंभू मंगलानी, राजू लोहरानी, रिषी थरेजा, विक्की थरेजा, राजू थरेजा, गोविंद राम आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

---

## आई.टी.आई. में दीक्षांत समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय आई.टी.आई. बहोरीबंद में शनिवार को बड़े हर्ष और उत्साह के साथ दीक्षांत समारोह 2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकेश व्यौहार (मंडल अध्यक्ष, बहोरीबंद) उपस्थित रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में माधव पटेल (पूर्व सरपंच, खड़गवां), वीरेंद्र श्रीवास्तव एवं विनोद ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रशिक्षणार्थियों को मेडल एवं शील्ड प्रदान की गई। साथ ही जिन



विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति रही, उन्हें भी सम्मान स्वरूप मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया। समारोह में संस्था के टी.पी.ओ. अभिषेक नामदेव एवं शहजाद खान द्वारा विद्यार्थियों को रोजगार एवं उद्योगों में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा किए, जिसमें उन्होंने संस्था में प्राप्त प्रशिक्षण, शिक्षकों के मार्गदर्शन और आई.टी.आई. में बिताए गए प्रेरणादायी क्षणों का उल्लेख किया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य अनुराग हल्दकर ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं विद्यार्थियों को सफलता के पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह का संचालन सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया और अंत में "वंदे मातरम्" एवं "भारत माता की जय" के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

---

*अव्यवस्थाओं को दूर करने जिम्मेदार नहीं दे रहे गंभीरता से ध्यान*

## बस स्टैण्ड में अव्यवस्थाओं से यात्रियों को परेशानियों का करना पड़ रहा है सामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बस स्टैंड में अव्यवस्थाएं हावी है जिससे यात्रियों को परेशानी हो रही है। यहां से दो सैकड़ा से अधिक बसें प्रतिदिन कई जिलों व प्रदेशों के लिए फर्राटे भरती हैं। प्रतिदिन बसों में लगभग 15 से 20 हजार लोग सफर करते हैं, इसके बाद भी बस स्टैंड की स्थिति बेहद दयनीय है। पूरे परिसर में बसें अस्त-व्यस्त खड़ी हैं और प्लेटफॉर्म पर रुकने की बजाय बीच मार्ग में खड़ी होकर यातायात बाधित कर रही हैं। वहीं, ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की मनमानी स्थिति को और बिगाड़ रही है।

बसों के गेट पर सवारी बैठाने के लिए ऑटो चालक अपने वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे जाम की



स्थिति बन जाती है। यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन यातायात पुलिस, परिवहन विभाग, नगर निगम और जिला प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहे। हैरानी की बात तो यह है कि प्रियदर्शनी बस स्टैंड में यात्रियों को हर दिन हो रही भारी परेशानी को लेकर शहर के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि भी चुप्पी साधे हुए हैं।

बसों के आने पर ऑटो और ई-रिक्शा चालक बसों के गेट के सामने अपने वाहन खड़े कर लेते हैं, जिससे यात्री बस में चढने़-उतरने में असमर्थ हो जाते हैं। सडक़ पर खड़ी बसें और वाहन जाम की स्थिति पैदा कर देते हैं। यात्रियों का कहना है कि कई बार देर होने की वजह से वे अपनी बसें भी मिस कर देते हैं। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि बस स्टैंड का अव्यवस्थित माहौल उनकी रोजी-रोटी पर भी असर डाल रहा है। ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की धमाचौकड़ी के कारण यात्री परेशान हो जाते हैं और बाजार से दूरी बनाने लगते हैं।

अव्यवस्था की गंभीर समस्या के बावजूद जिम्मेदार विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। यात्री और स्थानीय लोग लगातार शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन से केवल आश्वासन ही मिल रहा है। यात्रियों ने मांग की है कि बस स्टैंड में बुनियादी सुविधाओं की तुरंत व्यवस्था की जाए। साथ ही, ऑटो और ई-रिक्शा चालकों के लिए अलग से पार्किंग क्षेत्र बनाया जाए। यातायात पुलिस और नगर निगम मिलकर जाम की समस्या को सुलझाएं।

---

कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

## किसान ई-उपार्जन पोर्टल पर 17 अक्टूबर तक करा सकेंगे पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सोयाबीन खरीफ वर्ष 2025 (विपणन वर्ष 2025-26) में भावांतर भुगतान योजनांतर्गत किसान भाई ई-उपार्जन पोर्टल पर 17 अक्टूबर तक समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की बिक्री हेतु पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने किसानों की सुविधा के मद्देनजर सहकारी विपणन मर्यादित कटनी,कृषि उपज मंडी को पंजीयन केंद्र निर्धारित किया है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने सोयाबीन के भावांतर भुगतान योजना का नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र को और सहायक नोडल अधिकारी उपसंचालक कृषि डा रामनाथ पटेल को नियुक्त किया है।भारत सरकार की प्राईस डिफिसिट पेमेंट स्कीम भावान्तर योजना के तहत मंडी में सोयाबीन विक्रय अवधि 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक रहेगी। किसानों के भावांतर की राशि पंजीयन के समय दर्ज बैंक खाते में सीधे हस्तांतरित की जाएगी। कलेक्टर श्री तिवारी ने पंजीयन हेतु प्रचार -प्रसार, मंडी खरीदी व्यापारियों के स्टॉक का सत्यापन, भुगतान, मंडी मे एफ ए क्यू ग्रेड सोयाबीन के भाव की निगरानी, खरीदी की प्रक्रिया कैमरों ,वीडियों की निगरानी में सपन्न कराने, व्यापारियों को एफ ए क्यू ग्रेड पर घोष विक्रय करवाने, व्यापारियों द्वारा लगाई जा रही घोष विक्रय पर निगरानी रखी जाने, मंडी में लायसेंसधारी व्यापारियों की बैठक आयोजित करनें एवं अन्य भांवातर भुगतान योजनांतर्गत समस्त कार्यों हेतु जिला स्तरीय नोडल अधिकारी की नियुक्ति के साथ- साथ 10 सदस्यीय समिति गठित की है।

इस समिति में प्रमोद चतुर्वेदी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भारसाधक अधिकारी कृषि उपज मंडी कटनी,सज्जन सिंह परिहार जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी, आनन्द पाण्डेय जिला विपणन अधिकारी, राजयशवर्धन कुरील सहायक आयुक्त सहकारिता, योगेन्द्र सिंह सेंगर जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश वेयर हाउस एंड लाजिस्टिक्स कारपोरेशन,श्री प्रफुल्ल श्रीवास्तव जिला सूचना एवं विज्ञान केन्द्र अरविन्द पाठक प्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक देवेन्द्र तिवारी जिला प्रबंधक म.प्र.स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड और किशोर कुमार नरगावें सचिव कृषि उपज मंडी कटनी शामिल हैं।

प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के अंतर्गत अधिसूचित तिलहनी फसल के लिए भावांतर योजना वर्ष 2018-19 से लागू की गई है। भारत सरकार ने घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तथा राज्य के मंडी के मॉडल भाव,विक्रय मूल्य अंतर की राशि कृषकों को दिलवाने का प्रावधान किया है। किसान पूर्व की तरह अपनी उपज मंडियों में बेचेंगे। एमएसपी और मंडी का मॉडल भाव,विक्रय मूल्य के बीच के अंतर की राशि का किसान को डीबीटी से भुगतान किया जायेगा। किसान द्वारा ई-पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य होगा। उदाहरण के लिए किसान का उत्पादन मॉडल भाव 4600 रूपए पर हुआ है तो समर्थन मूल्य 5328 में से शेष अर्थात भावांतर राशि 628 रूपए प्रति क्विंटल राज्य सरकार द्वारा प्रदान किए जाएंगे। किसान को समर्थन मूल्य बराबर ही राशि प्राप्त होगी। यदि किसान की उपज का विक्रय मूल्य एमएसपी से कम है परंतु राज्य के औसत मॉडल प्राइज के समतुल्य है, ऐसी स्थिति में भी किसान को एमएसपी और बिक्री मूल्य के भावांतर राशि दी जाएगी।

---




## नशे के प्रभावों को रोकने सकारात्मक माहौल बनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी में मद्य निषेध सप्ताह के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय प्राचार्य की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पोस्टर एवं नारा लेखन प्रतियोगिता से हुआ, जिसमें 50 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत शपथ ली। डॉ. माधुरी गर्ग ने मद्य निषेध सप्ताह के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशे की बढ़ती प्रवृत्ति युवाओं के सामाजिक, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है। उन्होंने बताया कि नशे के प्रभावों को रोकने और समाज में सकारात्मक माहौल बनाए रखने के लिए यह अभियान महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर डॉ. आर. पी. सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि "युवा समाज का भविष्य हैं। नशा उनके भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा है। हमें उन्हें शिक्षित और जागरूक कर, समाज से नशे को पूरी तरह समाप्त करना होगा।

मद्य निषेध सप्ताह के दूसरे दिन नारा लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता और रैली का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और महाविद्यालय स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर सभी ने मिलकर समाज में नशा मुक्ति के संदेश का प्रसार करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में डॉ. सूचि सिंह, डॉ. ज्ञानेंद्र मोहन श्रीवास्तव, डॉ. निधि सिंह, आयुष तिवारी, डॉ. सुशील मिश्रा, डॉ. शैलजा बरसैंया, डॉ. ज्योत्सना पाठक, राजेन्द्र कुमार वर्मा, शोभाराम पाटिल, डॉ. धीरेन्द्र सिंह राजपूत, डॉ. शिवनंदन पटेल और अमित चौधरी भी उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### आकाशवाणी छतरपुर द्वारा कवि गोष्ठी का प्रसारण कल

**पन्ना।** प्रसार भारती, आकाशवाणी छतरपुर द्वारा रसावतरण के अन्तर्गत कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका संचालन पन्ना नगर के सुप्रसिद्ध रचनाकार डॉ. सुरेश सौरभ ने किया। कवि गोष्ठी का प्रसारण 6 अक्टूबर दिन सोमवार को सुबह 10.30 से होगा जिससे नितेश पटेल, शैलेन्द्र खरे सोम, सुश्री दीपाली पाण्डेय दीया एवं डॉ.सुरेश श्रीवास्तव सौरभ का काव्य पाठ होगा। विगत 39 वर्ष से निरन्तर सौरभ की कविताओं का प्रसारण आकाशवाणी छतरपुर से हो रहा है, आकाशवाणी के अलावा समय समय पर दूरदर्शन एवं निजी टी वी चैनल से भी कविताएं प्रसारित होती हैं। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में सुरेश सौरभ की जहाँ वीर रस के कवि के रूप में पहचान है वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मंच संचालक के रूप में भी पहचान है।

### वन्य प्राणी सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत ही कुएं में गिरे जंगल सुअर को सुरक्षापूर्वक बाहर निकाला गया

**अजयगढ़।** वन्य प्राणी सुरक्षा सप्ताह (01से07 अक्टूबर) अंतर्गत ग्राम महुआपटिया बीट अंतर्गत कुएं मे गिरे वन्यप्राणी जंगली सुअर को सुरक्षा श्रमिक एवं ग्रामीणों की सूचना पर कुएं से बाहर सुरक्षापूर्वक निकालकर जंगल की ओर भेजा गया। उक्त कार्यवाही पंकज दुबे वन परिक्षेत्र अधिकारी अजयगढ़ के मार्गदर्शन में मुकेश रैकवार परिक्षेत्र सहायक अजयगढ़, अयाज खान बीटगार्ड महुआपटिया, अखिल राजपूत बीटगार्ड धवारी एवं रमेश अहिरवार समिति सुरक्षा श्रमिक तथा स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### 4 वर्षीय बच्ची की मौत की जॉच हेतु समिति गठित

**दमोह।** 29 सितम्बर को कु. मीनाक्षी लोधी उम्र 4 वर्ष 06 माह अज्ञात कीडे के काटने से जिला चिकित्सालय दमोह में भर्ती हुई थी एवं उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने पर मृतिका के पिता पूरन सिंह लोधी द्वारा प्रस्तुत शिकायती आवेदन में लगाये गये आरोपों की निष्पक्ष जॉच हेतु 04 सदस्यीय जॉच समिति गठित की गई है इस समिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, महिला बाल विकास अधिकारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी, मेडीसिन विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय डॉ. विजय पथोरिया को शामिल किया गया है।

5 वर्षों से बिजली नहीं, विद्युत व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में दिखा आक्रोश, 60 से 70 घरों की है बस्ती

# विकास से कोसों दूर है नंदपुरा गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा





आजादी के 78 साल बीतने के बाद भी आज कुछ गांव विकास से कोसों दूर है लेकिन शासन प्रशासन और सरकार द्वारा विकास लंबी लंबी बातें कही जा रही है लेकिन हकीकत कुछ अलग ही है आज भी आदिवासी बहुल इलाकों में विकास के नाम पर कुछ नजर नहीं आ रहा है ऐसा ही कुछ दमोह जिले के ग्राम है जो बिजली पानी सड़क सहित अन्य योजनाओं से आज भी वंचित हैं मामला जिले के तेन्दूखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत महगुवा खुर्द के आश्रित ग्राम नंदपुरा का यहां पर पिछले 5 वर्षों से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप है। सैलवाड़ा के पास वनांचल में स्थित है इस गांव में बिजली जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित इस गांव के निवासी लगातार समस्याओं से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि 5 वर्ष पहले तक गांव में विद्युत व्यवस्था चालू थी, लेकिन समय के साथ ट्रांसफार्मर और अन्य उपकरण खराब हो गए और उन्हें हटाकर ले जाया गया। आज की स्थिति यह है कि गांव में सिर्फ बिजली के खंभे खड़े हैं, जो किसी शो-पीस की तरह नजर आते हैं। गांव की गलीयो में खंभे तो खड़े हैं, लेकिन बिजली नहीं। पूर्व में गांव में दो ट्रांसफार्मर लगे थे, जो अब मौजूद नहीं हैं। लगभग 60 घरों वाले इस गांव में बच्चों की पढ़ाई, मोबाइल चार्जिंग, सिंचाई, घरेलू पानी के पंप आदि तमाम दैनिक काम ठप पड़े हैं। बिजली न होने से नंदपुरा के ग्रामीणों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हुई है। महिलाओं को रात के समय अंधेरे में काम करना पड़ता है, बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है और गर्मी के मौसम में पंखे और कूलर जैसी सुविधाएं केवल सपना बनकर रह गई हैं। गांव की हल्ले भाई ने बताया कि लगभग 5 वर्ष से विद्युत व्यवस्था बँद है जनप्रतिनिधियों अधिकारियों से कई बार बोलने के बावजूद कोई समस्या का हल नहीं निकला है हम लोग कैसे जीवन यापन कर रहे हैं यह किसी को नजर नहीं आ रहा इस गंभीर और लंबे समय से चली आ रही समस्या को लेकर 3 अक्टूबर को आयोजित ग्रामसभा में ग्रामीणों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने पंचायत में खुलकर अपनी पीड़ा जाहिर की और समस्या के शीघ्र समाधान की मांग रखी। ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत कंपनी के द्वारा हर माह बिल भेजे जा रहे हैं लेकिन विद्युत की कोई व्यवस्था नहीं ग्रामीणों की मांग है कि नंदपुरा गांव में जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर लगाए जाएं और विद्युत आपूर्ति को बहाल किया जाए, ताकि उन्हें भी बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिल सके।

वहीं नंदपुरा ग्राम में 285 जनसंख्या है लेकिन जन बच्चों को मिलाकर इस गांव में 350 से अधिक लोग निवास करते हैं। पूरे गांव में सिर्फ 3 परिवार यादव समाज है निवासरत है अन्य सभी आदिवासी हैं।

### जंगल से घिरा है गांव

वहीं यह गांव चारों ओर से जंगल से घिरा हुआ है और आए दिन जंगली जानवर गांव के आसपास देखे जा चुके हैं और अब इसी क्षेत्र में तेंदुए का मूवमेंट नजर आ रहे जिससे ग्रामवासियों को खतरा मंडराता रहता है वहीं आदिवासियों के साथ हो रहे अन्याय व योजनाओं का लाभ नहीं मिलने पर ग्रामवासी आज जबेरा के चौराई ग्राम पहुंचकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेंगे।

### इनका कहना है

सरपंच कुम्मू यादव ने बताया कि यह समस्या कई वर्षों से बनी हुई है, और इसे लेकर उन्होंने कई बार ग्राम वासियों द्वारा लिखित एवं मौखिक रूप से विद्युत विभाग के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई सार्थक कार्यवाही नहीं हुई है। उनके अनुसार, प्रशासनिक उपेक्षा के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### इनका कहना है

इस संबंध में जनपद सीईओ मनीष बागरी का कहना है कि मैं नंदपुरा गांव के विद्युत के मामले में विद्युत कंपनी के ईई से बात करता हूं।

मंदिर में स्थापित श्रीराम जानकी जी की मनमोहक छवि

# आढ सौ वर्ष प्राचीन श्रीराम मंदिर का नहीं हो पा रहा जीर्णोधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

गैसाबाद क्षेत्र का सुप्रसिद्ध श्रीराम जानकी मंदिर देख रेख के अभाव एवं प्रशासन की उदासीनता के चलते जर्जर हालत में पहुंच चुका है मंदिर की दीवारों का प्लास्टर उखड़ने लगा है कहीं-कहीं दीवारें क्रैक भी हो चली है मंदिर परिसर में एक भी धर्मशाला नहीं है जिसमें साधु संतों को ठहरने की व्यवस्था हो सके, प्रशासन द्वारा मंदिर परिसर में साधु संतों की सुविधा के लिए कुछ वर्ष पूर्व एक धर्मशाला का निर्माण कराया गया था, लेकिन वह धर्मशाला हमेशा बंद रहती है उसमें ताला लगा रहता है जिससे साधु संत उस धर्मशाला का उपयोग नहीं कर पाते हैं, जब भी बाहर से कोई साधु संत आते हैं तो उन्हें मंदिर के सामने लगे टीन सेट के नीचे रात गुजारनी पड़ती है जिससे साधु संतों को भारी सुविधा होती है, प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम के श्रीराम मंदिर में करीबन 28 एकड़ कृषि भूमि है जिसकी प्रतिवर्ष तहसीलदार की उपस्थिति में नीलामी की जाती है नीलामी में प्राप्त होने वाली राशि तहसील कार्यालय में जमा होती है, ग्रामीण जनों के बताएं अनुसार लाखों की कृषि भूमि के स्वामी जगत के पालनहार श्री रामचंद्र जी सरकार भूखे पेट सोते हैं शासन प्रशासन द्वारा भगवान के भोग प्रसाद तक की व्यवस्था नहीं की जाती है, पुजारी द्वारा अपनी तरफ से ही प्रभु को चना चिरौंजी का प्रसाद लगाकर काम चलाया जा रहा है, प्रशासन द्वारा पुजारी को मानदेय भी नहीं मिलता है, लोगों के बताएं मुताबिक प्रशासन द्वारा दीपावली पर मंदिर की पुताई के लिए एवं रामनवमी में भगवान के भोग प्रसाद एवं पोशाक के लिए राशि मुहैया कराई जाती है, बाकी के समय मंदिर पर कोई राशि खर्च नहीं की जाती, बुजुर्ग लोग बताते हैं कि यह मंदिर इतना पवित्र है कि इस मंदिर में दर्शन करने मात्र से लोगों की मनोकामना पूर्ण होती है और मंदिर परिसर में बैठने से मन को बहुत शांति प्राप्त होती है, गौरतलब है की यह मंदिर शासन के अधिकार क्षेत्र में है और कलेक्टर महोदय मंदिर के पदेन अध्यक्ष हैं, मंदिर की समिति भी बन चुकी है लेकिन फिर भी मंदिर का समुचित विकास नहीं हो पाना चिंता का विषय है, मंदिर समिति के सचिव रणधीर दहिया ने हरिभूमि को बताया कि मंदिर के खाते में लगभग 20 से 21 लाख रुपए जमा है मंदिर के जीर्णोद्धार एवं मंदिर के विकास के लिए प्रस्ताव बनाकर पेश किया गया है शीघ्र ही मंदिर के सुधार हेतु निर्माण कार्य कराये जाने का आश्वासन अधिकारियों द्वारा दिया गया है, शीघ्र ही शासन के सहयोग से मंदिर का समुचित विकास कराया जाएगा, इस मामले पर जब तहसीलदार हटा से बात करनी चाही तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।





# वन एवं राजस्व की भूमि में भू माफिया सक्रिय, अतिक्रमण कर बेच देते हैं जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन



वन परिक्षेत्र झलौन में पी एफ कक्ष क्रमांक 149मे झलौन से रहली सड़क मार्ग एवं तारादेही सड़क मार्ग पर सड़को की दोनों साइड की जमीन पर एवं राजस्व मंडल तेजगढ़ के अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 19 झलोन खसरा क्रमांक 382 एवं 383 में विगत कई बरसों से अनेक लोगों के द्वारा बेस कीमती जमीनों पर अतिक्रमण कब्जा कर महंगे दामों में दूसरे लोगों को विक्रय कर मोटी रकम कमाई जा रही है। वन विभाग एवं राजस्व विभाग द्वारा इन अतिक्रमणकारियों पर कोई कार्यवाही नहीं किए जाने से इनके हौसले बुलंद हैं। अब सासकीय भवनों के आस-पास खाली पड़ी जमीन भी निशाने पर अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण करने का मामला प्रकाश में आया है। खसरा नंबर 382 में गत वर्ष नव निर्मित प्राथमिक उपस्वास्थ्य केंद्र भवन गेट के सामने वाहन पार्किंग स्थल की जगह पर भी नीव को खोदकरअतिक्रमण करके विक्रय करने खरीदारों की तलाश की जा रही है।

# स्वदेश नेमा को तारादेही उमा विद्यालय का प्रभारी प्रचार्य बनाया

**तेंदूखेड़ा।** स्वदेश नेमा उच्च माध्यमिक शिक्षक (उच्च पद प्रभार) शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेन्दूखेड़ा को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तारादेही का प्रभारी प्राचार्य बनाया गया है। साथ ही श्री नेमा ने विद्यालय पहुंचकर शनिवार को प्रभारी प्राचार्य का पद भार संभाल लिया है। जिला शिक्षा अधिकारी के दिनॉक 29 सितम्बर 2025 को आदेश जारी कर कहां है कि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, तेन्दूखेड़ा जिला दमोह के पत्र के द्वारा की गई अनुशंसा के आधार पर एवं अनिल कुमार साहू, उच्च माध्यमिक शिक्षक प्रभारी प्राचार्य, शासकीय उच्चर माध्यमिक विद्यालय तारादेही के द्वारा कार्यालय में प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर अनिल कुमार साहू को संस्था के प्रभारी प्राचार्य के प्रभार से मुक्त किया जाता है। शाला के सुधारू संचालन एवं प्रशासकीय व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए स्वदेश नेमा, उच्च माध्यमिक शिक्षक (उच्च पद प्रभार) शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेन्दूखेड़ा को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तारादेही के प्रभारी प्राचार्य का प्रभार पूर्णतः अस्थायी तौर पर प्रभार वाली शाला में ही अपने विषय के अध्यापन के साथ-साथ तत्काल प्रभाव से सौंपा जाता है।

# आम आदमी पार्टी गठन समिति में बसंत राय चुने गये

**जबेरा।** आम आदमी पार्टी ने मध्य प्रदेश में अपनी पूरी कार्यकारिणी को भंग कर दिया है। प्रदेश व जिला स्तर पर नई कार्यकारिणी का गठन करने के लिए मध्य प्रदेश से 31 कार्यकर्ताओं का चयन किया गया है। अब यही कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर नई कार्यकारिणी का गठन करेंगे। उक्त कार्यकारिणी में जबेरा की समीपस्थ ग्राम कोरता से बसंत राय को सम्मिलित किया गया है। बसंत राय मध्य प्रदेश मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। बसंत भाई ने कई छोटे बड़े आंदोलन किए हैं। इन्होंने दमोह से लेकर दिल्ली तक हलचल मचाई है। अब आम आदमी पार्टी के नये विस्तार में इनकी अहम भूमिका रहेगी। प्रदेश कार्यकारिणी के चयन की जिम्मेदारी मिलने पर देवी प्रसाद शर्मा, किशोर नामदेव, हेमराज लोधी, साहब सिंह आदिवासी, सुनील राय, दीपक राय सहित अनेक लोगों ने बधाई दी है।

# राज्यमंत्री ने किया सादपुर का दौरा



**फतेहपुर।** बटियागढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सादपुर में पशुपालन एवं डेरी मंत्री लखन पटेल ने दौरा किया। इस अवसर पर बटियागढ़ तहसीलदार के साथ ही भाजपा कार्यकर्ता फतेहपुर मंडल अध्यक्ष श्याम गर्ग, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश पटेल, विजय जैन, सादपुर सरपंच बबलू बंजारा, संदीप यादव और कई पंचायतो के सरपंचो के अलावा भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे। ग्रामीणों ने रोड की मांग का ज्ञापन मंत्री जी को सौपा। इसी दौरान कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ता एवं सभी अधिकारियों को मक्के के भुटटे की पार्टी दी गई।

# बापू की जयंती अहिंसा दिवस के रूप में मनाई



**हिण्डोरिया।** 02 अक्टूबर 2025 को गांधी जयंती के अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस म. प्र. एकता परिषद के बैनर तले मध्यप्रदेश के जिला दमोह के ब्लाक पटेरा के गाँव कजरा माफी एवं ब्लाक तेन्दूखेडा. के गाँव सेहरी मे मुखिया बैठक कर मनाया गया। बैठक मे चीलघाट, पड़री, हिनोती, मझगवां, इमलिया, सेहरी, फुलर, कुदपुरा, सरसैला माल, बोरिया आदि गाँव के सक्रिय महिला- पुरुष मुखिया साथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत बापू जी के चित्र पर माल्यार्पण से की गई। इस मौके पर एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान ने राष्ट्र पिता महात्मा गाँधी जी एवं अहिंसा दिवस पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही भूमि एवं आजीविका के मुद्दो पर कलेक्टर को ज्ञापन देने कार्ययोजना भी बनाई। इस मौके पर एक्सिस टू जस्टिस परियोजना के जिला समन्वयक देवेन्द्र दुबे, अयोध्या प्रसाद, मन्नू सिंह, शोभा सिंह आदिवासी, मोहन आदिवासी, प्रमोद सिंह,प्रताप सिंह गौड़ सहित अनेक मुखिया साथी मौजूद रहे।

# कृषि उपज मंडी में बैठक का आयोजन



**जबेरा।** प्रबंध संचालक के आदेशअनुसार एवं सहायक संचालक के निर्देशन में कृषि उपज मंडी जबेरा में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में व्यापारीगण, किसान बंधु, तुलैया एवं हम्मालो सहित कर्मचारियों की उपस्थिति रही। बैठक में शिकायतों के निराकरण की संबंध में चर्चा करते हुए बताया कि किस कैसे अपनी उप जकृषि उपज मंडी में लेकर आवे जिससे उन्हें सही तोल व नगद भुगतान मिल सके। साथ ही भावांतर योजना का लाभ भी मिल सके। इन सभी के साथ अन्य विषयों पर भी चर्चा कर सहमति बनाई गई। इस अवसर पर किसान संघ अध्यक्ष निजाम सिंह लोधी, मंडी सचिव मेहपाल सिंह सहित अनेक किसानों तथा व्यापारियों की उपस्थिति रही।

# ग्राम सभा में लिया गया ऐतिहासिक निर्णय



**बनवार।** नशा मुक्ति अभियान के तहत पूरे सागर संभाग में तेजी से काम जारी है। भगवती मानव कल्याण संगठन और ग्रामवासियों के सहयोग से अब तक लगभग 400 से अधिक ग्रामों को नशा मुक्त किया जा चुका है। इसी कड़ी में जिला दमोह तहसील जबेरा की ग्राम पंचायत गोलापट्टी में पूरा गांव एकत्रित हुआ और ग्राम सभा में ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। इस मौके पर किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शोभा सिंह राजपूत भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष डॉ सुजान सिंह युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह ग्राम पंचायत गोलापट्टी के सरपंच प्रतिनिधि बबलू यादव देवी सिंह सरपंच झरौली युवा मोर्चा प्रांतीय सचिव विनोद सिंह किसान मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश सींग धुर्वे युवा मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष कोमल यादव सहित अन्य गणमान्य लोग और समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्राम सभा में निर्णय लिया गया कि जो भी व्यक्ति कच्ची या पक्की शराब गांव में बेचेगा पकड़े जाने पर 11,000 का जुर्माना लगाया जाएगा जो भी व्यक्ति शराब पीकर गांव में गाली गलौज करेगा उसके ऊपर 5,100 का जुर्माना होगा और जो भी व्यक्ति शराब बेचने वालों और गाली गलौज करने वालों का सहयोग करेगा। उसके ऊपर 2,500 का जुर्माना लगाया जाएगा जुर्माना न देने पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। प्रस्ताव सर्व समिति से सर्वसम्मति से पारित किया गया। गांव के लोगों ने इस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया और कहा कि इससे न केवल गांव नशा मुक्त होगा बल्कि सामाजिक अनुशासन मजबूत होगा और ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा।

# सेवानिवृत्त कार्यक्रम में शामिल हुए स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगर के पीएम श्री एमएलबी विद्यालय में पदस्थ शिक्षक पी सी खटीक के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में प्रदेश सरकार में स्कूल शिक्षा और परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह एवं पशुपालन मंत्री लखन पटेल और भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे सम्मिलित हुए। जहां मंत्री द्वय राव उदय प्रताप सिंह और लखन पटेल के हटा पहुंचने पर उपकाशी हटा की परंपरा अनुसार जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। एमएलबी स्कूल प्रवेश द्वार पर रंगोली,कलश और ढोल नगाड़ों के साथ पुष्पवर्षा कर छात्र-छात्राओं ने मंत्री राव उदय प्रताप सिंह,राज्यमंत्री लखन पटेल, और दमोह विधायक जयंत मलैया और जनप्रतिनिधियों का स्वागत कर कार्यक्रम स्थल ले जाया गया विधायक श्री मलैया स्वास्थ्य कारणों से कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए और पूर्व विधायक डॉ विजय सिंग के आवास चले गए।

कार्यक्रम में मंच पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, विधायक श्रीमती उमादेवी, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया,, जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल, नपा अध्यक्ष शैलेन्द्र खटीक सहित जनप्रतिनिधियों का छात्राओं द्वारा स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया इसके उपरांत एनसीसी और स्काउट की छात्राओं ने स्कूल शिक्षा और परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह को सलामी दी। कार्यक्रम में शिक्षक प्रकाश खटीक को सेवानिवृत्त सम्मान कर उनके कार्यकाल का स्मरण किया।

मंत्री उदय प्रताप सिंह ने अपनी उद्बोधन में शिक्षक प्रकाश खटीक के सेवानिवृत्ति पर सामूहिक रूप से हुए आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि बेदाग सेवानिवृत्ति शिक्षक की जीवन भर की उपलब्धि होती है उन्होंने प्रकाश खटीक को न्योता दिया कि पार्टी जॉइन कर राष्ट्र की सेवा करें और उनके यशस्वी दीर्घायु जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा सार्वजनिक जीवन बड़ी चुनौती होता है कुछ करने के लिए घर परिवार भूलना पड़ेगा तभी देश समाज को कुछ दे सकते है उन्होंने कहा कि शिक्षक के प्रवेश से स्कूल में अनुशासन बन जाता था अब यह क्लास तक सीमित रह गया है यह समय का परिवर्तन है उन्होंने अपने उद्बोधन में पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी के कार्यकाल और मोदी सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह प्रबंधन और अनुशासन का कमाल है कि नए भारत परिवर्तित भारत का स्वरूप दिख रहा है। उन्होंने कहा कि परिवहन के क्षेत्र में डॉ मोहन सरकार अप्रैल 26 से ग्रामीण परिवहन सेवा आरम्भ होगी, नए रंग में रंगी परिवहन सेवा आरम्भ होगी जो दूरस्थ ग्रामीणों को सुगम आवागमन उपलब्ध कराएगी। पीएमश्री एम एलबी के बाउंड्री के लिए 25 लाख रुपये,और हाइस्कूल देवरी भवन में 5 अतिरिक्त कक्ष के 1 करोड़ 38 लाख की राशि की घोषणा की जिसका सभी ने स्वागत किया। कार्यक्रम को पशुपालन मंत्री लखन पटेल,पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ कुसमरिया विधायक उमादेवी,ने भी संबोधित किया। पीसी खटीक ने उपस्थिति के लिए सभी का आभार माना। कार्यक्रम का संचालन माधव पटेल शिक्षक ने किया। छात्रा श्रद्धा विश्वकर्मा ने मंत्री उदय प्रताप का स्केच बनाया जिस पर ऑटोग्राफ देकर उन्होंने उसके साथ फोटो खिंचवाई। कार्यक्रम में डीईओ एचएन नेमा, जिला परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी,एसडीएम राकेश मरकाम ,सीईओ संजीव गोस्वामी सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### पटेरा क्षेत्र में एक भी सोयाबीन खरीदी पंजीयन केंद्र नहीं

**भटक रहे किसानों में आक्रोश**

पटेरा। पटेरा तहसील क्षेत्र में धान खरीदी पंजीयन के तो तीन केंद्र बनाये गये है जबकि सोयाबीन खरीदी का एक भी पंजीयन केंद्र नहीं बनाये जाने से कृषकों में आक्रोश माहौल है। कृषक धान खरीदी पंजीयन केंद्र पहुंच कर सोयाबीन के पंजीयन की बात करते है। आपरेटर द्वारा मना करने पर वह नाराज हो कर नेताओं अधिकारियों की धौंस दे कर कार्यवाही की धमकी देते है। शासन प्रशासन की पटेरा क्षेत्र के किसानो के साथ इस प्रकार का सौतेला व्यवहार ठीक नहीं है। शीघ्र ही पटेरा में सोयाबीन पंजीयन केंद्र बनाये जाने की मांग की है।

### ग्राम खिरिया छक्का में अभियान का किया शुभारंभ

दमोह प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान 02 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 09 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान के तहत कल मेरे द्वारा नरसिंपुर जिले के गाडरवारा में किया गया और इसी तारतम्य में दमोह जिले की पथरिया विधानसभा के ग्राम खिरिया छक्का में इस अभियान का प्रारंभ किया गया।

### खनिज विभाग ने की बड़ी कार्यवाही

# शमशानघाट में दिनदहाड़े अवैध मुरम उत्खनन, 9 ट्रैक्टर और 1 जेसीबी जब्त





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह/बनवार

हिंडोरिया शमशानघाट जहाँ लोग अपने परिजनों को अंतिम विदाई देने आते हैं, लेकिन वहीं दिनदहाड़े खुलेआम अवैध मुरम उत्खनन चल रहा था और यह खेल सुबह से शाम तक बिना किसी रोकटोक के जारी था, लेकिन अब खनिज अधिकारी ने मौके पर नौ ट्रैक्टर व एक जेसीबी मशीन जब्त कर उन्हें हिंडोरिया थाने में खड़ा कर दिया है, जिससे खनिज माफियाओं के बीच हड़कंप मच गया है। सूत्र बताते हैं कि दिनदहाड़े जेसीबी मशीनों से ट्रैक्टरों में मुरम भरा जा रहा था और हालात तब बिगड़े जब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो के वायरल होते ही खनन विभाग हरकत में आया और शिकायत पर जिला खनिज अधिकारी फरहत जाहन ने मौके पर रेड कर अवैध उत्खनन की प्रक्रिया को पकड़ में लिया और भारी मशीनरी जब्त कराई। हैरानी की बात यह है कि दिनदहाड़े हो रहे अवैध उत्खनन पर नगर पंचायत और स्थानीय थाना प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया था, जिससे सवाल उठ रहे हैं कि इतने बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन मुख्यालय के समीप तक बिना किसी रोक के कैसे चलता रहा। खनिज सूत्रों का कहना है कि मुरम की तस्करी में कुछ प्रभावी लोगों के सहारे खुलकर काम किया गया। लेकिन अब विभागीय कार्रवाई ने उन्हें असहज कर दिया है।

अधिकारियों ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की पहचान की जा रही है। मशीनरी के स्वामी—चालकों की तलाशी में टीम जुटी है आगे की कानूनी कार्रवाई का विस्तार संभव है। जिला खनिज अधिकारी फरहत जाहन ने कहा हमें शिकायत मिली थी कि हिंडोरिया शमशानघाट में मुरम का अवैध उत्खनन जेसीबी और ट्रैक्टरों से किया जा रहा है मौके पर पहुंचकर 1 जेसीबी और 9 ट्रैक्टर जब्त किए गए हैं और खनिज नियमों के तहत कार्रवाई की जा रही है।

हिंडोरिया थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर ने बताया कि खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई की गई और अवैध उत्खनन में लगी एक जेसीबी और 9 ट्रैक्टर ट्रॉली मौके से जप्त कर थाने में रखवाए गए हैं और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# राज्यपाल मंगुभाई पटैल आज चौरई ग्राम में बड़ादेव मंदिर परिसर का करेंगे लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चौरई में स्थित बड़ा देव मंदिर का लोकार्पण समारोह 5 अक्टूबर 2025, रविवार दोपहर 2 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के कर-कमलों से किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय कार्य मंत्रालय श्री दुर्गादास उईके, मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्रीमती संपत्तियां उईके, राज्य मंत्री पशुपालन एवं डेयरी विभाग लखन पटेल, दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, दमोह विधायक एवं पूर्व मंत्री शजयंत कुमार मलैया, हटा विधायक श्रीमती उमा देवी खटीक, अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटेल उपस्थित रहेंगे। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी ने सभी से कार्यक्रम में उपस्थिति का आग्रह किया।

### राज्यपाल का मिनट टू मिनट कार्यक्रम

प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटैल आज 5 अक्टूबर 2025 को दमोह जिले के सिंग्रामपुर एवं ग्राम चौरई आयेंगे तथा विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। आप ग्राम चौरई में 1 करोड़ 16 लाख रूपये की लागत से नव निर्मित आदिवासी समाज के आराध्य बड़ादेव मंदिर परिसर का लोकापर्ण करेंगे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटैल प्रातः 9.30 बजे भोपाल से सिंग्रामपुर के लिये हैलीकाप्टर द्वारा प्रस्थान करेंगे और प्रातः 11.25 बजे सिंग्रामपुर के पास गुबरा में बने हैलीपेड पहुचेंगे, तदोपरांत आप प्रातः 11.40 बजे सिंग्रामपुर पहुचेंगे। राज्यपाल श्री पटैल प्रातः 11.40 बजे से दोपहर 12.45 तक सिंग्रामपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे, । दोपहर 12.45 बजे से अपरान्ह 1.50 बजे तक सिंग्रामपुर में समय आरक्षित रखा गया है एवं दोपहर का भोजन करेंगे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटैल अपरान्ह 1.50 बजे सिंग्रामपुर गुबरा हैलीपेड से रवाना होंगे और दोपहर 2 बजे गुबरा से ग्राम चौरई के लिये प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 2.15 बजे ग्राम चौरई में आयोजित कार्यक्रम में पहुचेंगे। आप दोपहर 2.20 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक चौरई में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। आप दोपहर 3.35 बजे चौरई हैलीपेड से ढाना हवाई पट्टी के लिये रवाना होंगे।

# टाइगर रिजर्व से लगे सामान्य वन परिक्षेत्र में लगातार बढ़ रही है तेंदुआ, बाघ की सक्रियता



**तेंदूखेड़ा।** वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आने वाले परिक्षेत्रो के अलावा सामान्य वन परीक्षेत्रो में बीते 15 दिनों से तेंदुआ सहित अन्य वन्य प्राणियों की लगातार सक्रियता दर्ज की जा रही है। ये प्राणी खासतौर पर रात्रि के समय दिखाई दे रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में डर का माहौल बन गया है। रात्रि में सफर करने वाले राहगीर अब यहां के मार्गों पर यात्रा करने से कतरा रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी जंगलों में बसे गांवो के ग्रामीणों को हो रही है जिनका रात्रि में जंगलों से आना जाना रहता है वन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, ये वन्य प्राणी अपनी प्राकृतिक सीमा और आवास क्षेत्र के भीतर ही सक्रिय हैं, लेकिन उनकी बढ़ती संख्या और खुले में दिखना आम नागरिकों के लिए चिंता का कारण बन गया है। विभाग ने नागरिकों से सावधानी और सतर्कता बरतने की अपील की है, साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि अभी तक किसी पर हमले की घटना दर्ज नहीं की गई है। केवल कुछ जगह मवेशियों को ही निशाना बनाया गया है जो जंगल में चरने के लिए जाते हैं वन्य प्राणियों की गतिविधि केवल जंगलों तक सीमित नहीं रही, बल्कि अब यह आसपास के महत्वपूर्ण मार्गों तक पहुंच गई है। कभी दमोह-जबलपुर सीमा के 27 मील क्षेत्र में, तो कभी सेल बड़ा मार्ग और तारादेही मार्ग जैसे प्रमुख रास्तों पर इनका देखा जाना आम हो गया है। ये मार्ग ग्रामीणों की दैनिक आवाजाही के प्रमुख साधन हैं, जिससे उनकी चिंता और भी बढ़ गई है। इस परिस्थिति को देखते हुए वन विभाग ने इलाके में गश्त बढ़ा दी है। साथ ही 27 मील तरफ चेतावनी बोर्ड लगाए गये हैं ताकि लोगों को समय रहते सतर्क किया जा सके। ग्रामीणों को सलाह दी गई है कि वे रात के समय अनावश्यक यात्रा से बचें और बच्चों व पशुओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। वन विभाग का संदेश साफ है वन्य प्राणी अपनी सीमा में ही हैं, लेकिन हमें सतर्क रहने की जरूरत है। जंगल उनका घर है, हम उनके साथ सहअस्तित्व में रहें। डरने की नहीं, बल्कि जागरूकता और समझदारी की जरूरत है। इनका कहना -- वन परीक्षेत्र अधिकारी श्रेयांश जैन का कहना है कि जहां अभ्यारण का क्षेत्र है उससे लगे जंगलों से वन्य प्राणियों का आना जाना रहता है अभ्यारण में तो केमरे वगैरह लगे हैं हमारा परिक्षेत्र सामान्य वन क्षेत्र है इस कारण से यहां कोई ऐसी व्यवस्था नहीं है लगभग 15 दिनों से तेंदुए की जानकारी मिल रही है मैं भी बहेरिया मार्ग पर पहुंचा तेंदुआ पेड़ पर बैठा देखा है आसपास के गांवो मैं मुनादी कराई गई है लोगों को सलाह दी गई है कि अनावश्यक रूप से जंगलों में ना जाये।

# कुण्डलपुर में 7 अक्टूबर शरद पूर्णिमा पर सिंह द्वार प्रथम शिला स्थापना का होगा भव्य आयोजन





**कुण्डलपुर।** सुप्रसिद्ध क्षेत्र कुण्डलगिरी कुण्डलपुर में 7 अक्टूबर शरद पूर्णिमा पर्व पर जग उद्धारक युगश्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज, चलते-फिरते तीर्थ आचार्य श्री समयसागर जी महाराज, जेष्ठ श्रेष्ठ गणिनी आर्यिकारत्न श्री ज्ञानमती माताजी के अवतरणदिवस के मंगल अवसर पर सिंहद्वार प्रथमशिला स्थापना का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस अवसर पर महा समाधिधारक आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं विद्यानिधि आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से प्रातः भक्तामर महामंडल विधान, पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांति धारा ,रिद्धि कलश, पूजन ,आचार्य छत्तीसी विधान का आयोजन होगा ।वाणीभूषण प्रतिष्ठाचार्य बा. ब्र. विनय भैया जी बंडा के कुशल निर्देशन में प्रातः 7:30 बजे पूज्य बड़े बाबा मंदिर प्रांगण में सहस्त्रकूट जिनालय के समीप अद्वितीय ,अद्भुत भव्य नक्काशीदार पाषाण द्वारा एक विशाल सिंहद्वार का निर्माण कार्य प्रारंभ होने जा रहा है। सिंहद्वार प्रथम शिला स्थापना की जावेगी। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा तथा पूज्य आचार्य श्री की संगीतमय महा आरती होगी।

# मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम पथरिया को ज्ञापन सौंपा

**पथरिया।** आजाद भारत पार्टी द्वारा एसडीएम पथरिया को ज्ञापन सौंपा जिसमें सर्वप्रथम 2020 से अभी तक संपत्ति कर गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों का आठ दस हजार हो गया है कैसे भरेंगे उस पर रियायत दी जाए। सहारा इंडिया द्वारा गरीबों की खून पसीना के पैसे जो आज दिनांक तक वापस नहीं किए गया राज्य सरकार पैसा वापस दिलवाएं, निराशित वृद्धा पेंशन छः सौ की जगह 2000 रूपए की जाए, भोपाल नगर निगम एवं कोलार रोड फोर लेन सी.सी.रोड निर्माण में लोक निर्माण विभाग की देखरेख में आठ सौ वृक्षों की कटाई एवं पेड़ों की कटाई की स्वीकृति जिस सक्षम अधिकारी द्वारा दी गई कार्यवाही की जावें, ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरतन यादव, सगीर खान, अध्यक्ष सरला पंडित, श्यामलाल, धर्म सिंह, छोटेलाल अहिरवार, मोहन यादव, लखन पाली सहित सदस्य उपस्थित रहें।

# 14 पेंटी अवैध शराब पकड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

विगत दिवस अवैध शराब पर बड़ी कार्यवाही की गई पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुतकीर्ती सोमवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया, अनुविभागीय अधिकारी पथरिया सुश्री प्रिया सिंधी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पथरिया अमित मिश्रा व उनकी टीम को शहर में हो रही अवैध शराब की बिक्री के आरोपियों की तलाश पतारसी में लगाया था। विगत दिनों पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम तरावली में सुनील पिता चेतराम पटैल उम्र 30 साल निवासी ग्राम तरावली थाना पथरिया के खेत मे बने मकान में अधिक मात्रा में शराब रखी हुई है जिसे वह आसपास के क्षेत्र में बिक्री कर रहा है, मुखबिर की सूचना की तस्दीक की गई मौके पर पहुंचकर पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही की गई जिससे आरोपी के पास से 14 पेटी अवैध शराब कीमती करीबन 70 हजार रूपये जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। आरोपी सुनील पिता चेतराम पटैल उम्र 30 साल निवासी ग्राम तरावली थाना पथरिया को दिनांक 03.10.25 को गिरफ्तार कर 04.10.25 को माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी व स्टाफ मौजूद रहा। हालांकि उक्त कार्यवाही को लेकर जनचर्चा का विषय बना हुआ है वही विगत दिनों 2 बार जुआं फड़ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिलें के अन्य पुलिस द्वारा पकड़ा गया लेकिन उनकी कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी गई।

# पौधा रोपकर मनाया जन्मदिन



**पटेरा।** सेवा सहकारी समिति पटेरा के प्रबंधक वीरेन्द्र दुबे ने अपना 53 वां जन्म दिवस समिति परिसर में पौधा रोपकर मनाया। स्टाफ ने केक कटवा कर खुशियां मनाई व बधाई दी। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक जितेन्द्र द्विवेदी, शाखा पर्यवेक्षक श्री गर्ग, पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र बजाज, लटोरी चौरसिया, मोहन लाल विश्वकर्मा, अभिषेक सोनी, हरिसिंह, जाहर सिंह, रामलाल, बलराम रैकवार आदि उपस्थित थे।

# डीएम ने चार अपराधियों पर की जिला बदर की कार्यवाही

**दमोह।** जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिले के 04 अपराधियों पर जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनावेदक नईम खान पिता नदीम खान निवासी बजरिया वार्ड नं.-07 थाना कोतवाली दमोह को 04 माह अर्थात 120 दिवस, अनावेदक छोटू ऊर्फ सतीष सेन पिता राजू ऊर्फ राजकुमार सेन निवासी ग्राम हिण्डोरिया को 03 माह अर्थात 90 दिवस, अनावेदक चिन्नू ऊर्फ अब्दुल कादिर पिता अयुब खान निवासी ग्राम हिण्डोरिया को 02 माह अर्थात 60 दिवस तथा अनावेदक इकबाल खान पिता जुल्फकार अली ऊर्फ भुट्टो खान निवासी वार्ड नं.-08 पठानी मुहल्ला हिण्डोरिया को आगामी 02 माह अर्थात 60 दिवस की कालावधि के लिये दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं तथा आसपास के जिला सागर, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, पन्ना, छतरपुर से निष्कासित कर दिया है तथा आदेशित किया है कि अनावेदक आदेश की प्राप्ति से 24 घंटे के अंदर दमोह जिले की सीमाओं से बाहर चले जायें एवं अपने आचरण में सुधार करें।

# आउटसोर्स कर्मचारियों को नहीं मिला कई माह से वेतन



**तेंदूखेड़ा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, के अंतर्गत कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों ने शनिवार को मुख्य खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को एक आवेदन पत्र सौंपा। आवेदन में बताया गया है कि केंद्र में कार्यरत कई आउटसोर्स कर्मचारियों को पिछले दो चार माह एवं पाँच माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है कर्मचारियों ने बताया कि वे आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं और बार-बार संबंधित एजेंसी एवं अधिकारियों से संपर्क करने के बावजूद अब तक वेतन नहीं मिला है। इस स्थिति के चलते उनके परिवारों का भरण-पोषण करना कठिन हो गया है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आवेदन प्राप्त कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया और कहा कि इस विषय में संबंधित एजेंसी एवं उच्च अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र समाधान निकाला जाएगा। कर्मचारियों ने मांग की है कि उनका बकाया वेतन जल्द से जल्द प्रदान किया जाए और भविष्य में समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि वे मानसिक और आर्थिक तनाव से मुक्त होकर सेवाएं दे दिनेश कुमार सोनी ,शुभम केवट ,विजय सिंह ठाकुर, राजेश कुमार सोनी, शकुन रैकवार, प्रीति वाल्मीकि, भागीरथ ,गैसा ,सविता, प्रीति ,राजा विश्वकर्मा ,राजेश साहू मिथिलेश आदि शामिल है।

# मोसिया की छेड़खानी से तंग छात्रा ने की आत्महत्या

## सुसाइड नोट में लिखा- पापा उसे ऐसी सजा दिलवाना ताकि कोई भी इंसान किसी भी बेटी को बदनाम करने के पहले सौ बार सोचे

**हटा।** हटा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बिजोरी पाठक गांव में शुक्रवार दोपहर कक्षा 12वीं की 17 वर्षीय छात्रा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा के पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने अपने ही मोसिया पर छेड़खानी करने को बदनाम करने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम किया है। परिजनों ने पुलिस को सुसाइड नोट दिया है जिसकी पुलिस उसकी जांच कर रही है। मृतक छात्रा के पिता ने पुलिस से मांग की है कि आरोपी ग़ुप्पू उर्फ गोपाल लोधी पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि उनकी बेटी को न्याय मिल सके। फांसी लगाने के पूर्व छात्रा ने अपने सुसाइड नोट में लिखा 'पापा मुझे माफ कर देना। आप सबसे हम कभी दूर नहीं जाना चाहते थे, लेकिन सिर्फ उस इंसान के पीछे मैं यह कदम उठा रही हूं। वह इंसान है गुप्पू और मेरा मौसिया भी। छोड़ना मत पापा उसे, सजा दिलवाना। आपकी बेटी का आखिरी बार यही कहना है, ताकि कोई भी इंसान किसी भी बेटी को बदनाम करने से पहले सौ बार सोचे। दिलवाओगे उसे सजा, उस घटिया इंसान को। ऐसा नहीं है कि उसने सिर्फ मुझे बदनाम किया, कई बार छेड़ने की भी कोशिश की, लेकिन मैं चुप रही। इसलिए क्योंकि गलती हर बार लड़कियों की ही मानी जाती है। बहुत सपने थे मेरे पापा, लेकिन सपने ही रह गए। पापा अपना ख्याल रखना। कभी भी मेरी मम्मी को मेरी कमी महसूस मत होने देना और मेरे भाई को बहुत प्यार करना। दादा दादी अपना ख्याल रखना और मामा मामी मेरे पापा का साथ देना। मेरी मौत को जिम्मेदार सिर्फ और सिर्फ वही है। मेरे पापा का साथ दोगे कि नहीं बोलो मामा मामी। आप सबको पता है कि मेरी मौत का जिम्मेदार कौन है'। इन शब्दो को सुसाईड नोट में लिखकर उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

**नाम परिवर्तन सूचना**

में रोहित सिंह राजपूत पिता स्व.श्री देवी सिंह राजपूत निवासी शारदा मंदिर के सामने मांगज वार्ड 05 दमोह खास जिला दमोह म.प्र., यह घोषित करता हूँ कि मैने अपनी पुत्री शिवि सिंह राजपूत (जन्म दिनांक 15/07/2022, उम्र 3 साल 2 माह लगभग) का नाम परिवर्तित कर, नया नाम काशवी सिंह राजपूत कर लिया है और भविष्य में मेरी पुत्री को काशवी सिंह राजपूत के नाम से जाना जाएगा।
दिनांक- 02/10/2025
स्थान दमोह, जिला दमोह
घोषणाकर्ता:-
रोहित सिंह राजपूत

**न्यायालय, सहायक अधीक्षक, नजूल नवकरण दमोह, जिला दमोह (म.प्र.)**
**इश्तहार**
राज.प्र.क्रं.-/अ-6/2025.26
मध्यप्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 110(3) के अंतर्गत सर्वसाधारण को इश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि नजूल शीट नं 62 प्लाट नं 164/41 रकबा 1600 वर्गफुट मकान पर गुलाबबाई जोजे नाथूराम यादव सा. दमोह के नाम अभिलेख में दर्ज है।
विषयांकित संबंध में लेख है कि आवेदक अभिनव यादव पिता मनोहरलाल यादव नि. सिविल वार्ड 04 दमोह मोबा. नं. 9575563897 द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि नजूल शीट नं. 62 प्लाट नं. 164/41 रकवा 1600 वर्गफुट मकान पर वसीयतनामा के आधार पर नाम दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है।
यदि उक्त उपरोक्त प्लाट पर आवेदक का नाम प्रथक होने से यदि किसी व्यक्ति या भूमि से हित रखने वाले पक्षकार को यदि कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं, लिखित अथवा विधिक प्रतिनिधि द्वारा इस न्यायालय में दिनांक 06/10/2025 तक न्यायालयीन समयावधि में प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्यांद के किसी तरह की कोई आपत्ति ग्राह्य नहीं की जावेगी।
आज दिनांक 16/09/2025 को जारी किया गया।
सहायक अधीक्षक
नजूल नवकरण दमोह

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के संस्थान कमल मोटर्स महेन्द्रा अधिकृत सर्विस सेन्टर पता बडी देवी मंदिर रोड रेल्वे ओव्हरब्रिज के पास दमोह म०प्र० में पिछले अनेक वर्षो से निम्नांकित स्क्रेब बन चुकी गाडियां खडी हुई है। यदि इन गाडियों के निम्नांकित मालिक सूचना प्रकाशित होने के 30 दिवस के अंदर बकाया बिल का भुगतान करे एवं अपनी गाडी लेकर जाये। अन्यथा मे इश्तहारकर्ता निम्नांकित गाडी को बेचकर अपनी राशि प्राप्त कर लेगा। यदि गाड़ी विकय करने के बाद भी राशि कम आती है तो आपसे शेष राशि लेने का अधिकारी होगा। अतएव निम्नांकित वाहन मालिक सूचित होवे ।

1. श्री रोशन अहिरवाल पिता दयाराम अहिरवाल दमोह - बुलेरो मेक्सी ट्रक MP34G1021
2. श्री पंचम लाल अहिरवाल - 03/12/18 Sipro H6 L 3404
3. अक्षय अठया - 05/12/17 मेक्सिमो (Maximo) MP20GA4431

अधिवक्ता वास्ते सूचनाकर्ता :-
पी.आर.पटैल, एडवोकेडट, सिविल कोर्ट दमोह